प्रेस नोट

दिनांक 31.12.2023

नववर्ष की पूर्व संध्या के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में भ्रमण कर आमजन मानस को कराया गया सुरक्षा का एहसास, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

गोण्डा। श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा नव वर्ष के अवसर पर गोण्डा में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों व सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु नव वर्ष की पूर्व संध्या के अवसर पर भारी पुलिस बल व व्यापारीगणों के साथ शहर क्षेत्र में भ्रमण कर रास्ते में मिलने वाले आमजन मानस से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी गयी। गस्त के दौरान महोदय द्वारा दुकानदारों/व्यापारियों से वार्ता कर कानून एवं शान्ति व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया तथा उन्हें सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने व अराजक तत्वों व संदिग्ध गतिविधियों के दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा गया साथ ही शान्ति व्यवस्था हेतु लगायी गयी ड्यूटियों को चेक करते हुए ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि ड्यूटी में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाये सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चैबंद रहे, ताकि जनपद में कोई भी अप्रिय घटना न हो पाये। महादेय द्वारा शहर क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखते हुये लगातार पेट्रोलिंग करने व भीड़-भाड़, मार्केट वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की गहनता से चेकिंग करने तथा भीड़ भाड़ वाले स्थान जहां महिलाओं की उपस्थिति अधिक हो वहां महिला पुलिस कर्मियों की निरंतर पेट्रोलिंग लगाने के निर्देश क्षेत्राधिकारी नगर एवं प्र0नि0 को0नगर को निर्देशित किया गया साथ ही जनता को जागरूक करने के लिए संदेश दिया महोदय द्वारा बताया गया कि नए वर्ष में किसी भी प्रकार का नशा ना करें ना ही किसी प्रकार की आतिशबाजी और हुरदंग का माहौल ना बनाएं नव वर्ष को शांति के साथ स्वागत करें। कृपया शराब का सेवन न करें और ना ही नशा का सेवन कर वाहन चलाएं हमारी टीम यातायात पुलिस और परिवाहन विभाग के साथ मिलकर सभी को चेक कर रही है अगर कोई भी व्यक्ति वाहन चलाते वक्त नशा करते चेकिंग में पकड़ा जाएगा तो उसका चालान काटा जाएगा और वाहन भी सीज किया जाएगा। इसी प्रकार समस्त राजपत्रित अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों व चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ बैरियर लगाकर विशेष कर सीमावर्ती जनपदों के बार्डर पर सघंन चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों, बस्तुओं एवं वाहनों को चेक किया जा रहा है।

मीडिया सेल, गोण्डा।

<u>प्रेस नोट--</u>
<u>दिनांक 31.12.2024</u>

<u>सेवानिवृत्ति</u>
<u>जनपद पुलिस से अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने वाले 04 उपनिरीक्षक, 02 मु0आरक्षी, 01 अनुचर पुलिस कर्मी हुए सेवानिवृत्त, रिजर्व पुलिस लाइन स्थित राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउददेश्यीय हाल में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा शॉल व फूल-माला पहनाकर एवं उज्ज्वल भविष्य की दी गई शुभकामनाएं-</u>

आज दिनाँक 31.12.2024 को जनपद गोंडा पुलिस से 04 उपनिरीक्षक, 02 मुख्य आरक्षी व 01 अनुचर पुलिस कर्मी अपनी अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। इस दौरान **<u>रिजर्व पुलिस लाइन स्थित राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउददेश्यीय हाल</u>** में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को शॉल व फूल-माला पहनाकर छाता व अन्य धार्मिक पुस्तके भेंट करते हुए विदा किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों से सेवानिवृत्त होने पर उनके द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये योगदान की सराहना की गयी एवं सेवानिवृत्ति उपरांत भी पुलिस विभाग का यथासंभव सहयोग करने की अपेक्षा की गई तथा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।
इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारीजन आदि मौजूद रहे।

<u>सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों का विवरण-</u>

01- उ0नि0ना0पु0 श्री मदन जी शुक्ल,
02- उ0नि0ना0पु0 श्री राम अवध,
03- उ0नि0सा0पु0 श्री भालचन्द,
04- उ0नि0 रेडियों श्री हरिशंकर मिश्रा,
05- मु0आ0स0पु0 श्री प्रभुनाथ मौर्या,
06. मु0आ0स0पु0 श्री श्याम बली,
07. अनुचर भगवान दास

<u>मीडिया सेल गोंडा।</u>